an>

Title : Need to establish Kendriya Vidyalayas in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर): उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना चाहती हूं कि मेरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र छोटा उदयपुर, गुजरात राज्य का आदिवासी क्षेत्र है । मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर में केन्द्रीय विद्यालय नहीं है, जिसके कारण हमारे संसदीय क्षेत्र के छात्र-छात्राएं इसके लाभ से वर्षों से वंचित हैं । संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय नहीं होने के कारण वडोदरा जो कि 125 कि.मी. की दूरी पर स्थित है, वहां जाकर पढ़ाई करनी पड़ती है, जिसके कारण अभिभावक तथा बच्चों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । मुझे जो कूपन प्राप्त होता है उनका भी नामांकन मुझे दूसरे संसदीय क्षेत्र में कराना पड़ता है, इससे बच्चों को आने जाने में बहुत असुविधा होती है ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र 1. छोटा उदयपुर तथा 2. राजपीपला में जल्द से जल्द केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की कृपा करें, ताकि वहां के बच्चों को भी केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ने का लाभ मिल सके ।